CSIR-IIIM

Tel. : +91-191-2569111, 2569222 (O), 2569333 (F)
Res. : +91-191-2569444
EPABX : +91-191-2569000-2569010
E-mail : director@iiim.ac.in; ram@iiim.ac.in
Website : www.iiim.ac.in

सीएसआईआर–भारतीय समवेत औषध संस्थान
(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्)
केनाल रोड, जम्मू – 180 001 (भारत)

CSIR-Indian Institute of Integrative Medicine
(Council of Scientific & Industrial Research)
Canal Road, Jammu - 180 001 (INDIA)

डा॰ राम विश्वकर्मा
निदेशक
Dr. Ram Vishwakarma
Director

एवं

अध्यक्ष
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू

संख्याः नराकास/जम्मू/बैठक/2014-राभा.
दिनांकः 21 मई, 2014

सेवा में,

नराकास, जम्मू के केन्द्रीय कार्यालयों/बैंकों/उपक्रमों के सभी कार्यालय प्रमुखगण।

**नराकास, जम्मू की छमाही बैठक में प्रतिभागिता हेतु ।**

**प्रिय महोदय/महोदया,**

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू की आगामी **छमाही बैठक दिनांक 11 जून, 2014 (बुधवार) को सायं 3.00 बजे भारतीय समवेत औषध संस्थान जम्मू के कान्फ्रेंस हॉल** में होनी निश्चित् हुई है। बैठक की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक एवं अध्यक्ष, नराकास जम्मू डॉ. राम विश्वकर्मा करेंगे। बैठक में नराकास जम्मू के केन्द्रीय कार्यालयों/बैंकों/उपक्रमों के सभी कार्यालय अध्यक्ष भाग लेंगे तथा भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग से किसी वरिष्ठ अधिकारी के भाग लेने की सम्भावना है।

इस बैठक में राजभाषा हिन्दी के प्रगामी से संबंधित **(प्रथम अक्टूबर, 2013 से 31 मार्च, 2014 तक)** प्राप्त दोनों तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा की जायेगी और आपके कार्यालय में अनुभव की जाने वाली कठिनाईयों के निवारण पर चर्चा की जायेगी।

यदि आपके कार्यालय की तिमाही प्रगति रिपोर्ट/वार्षिक रिपोर्ट/बैठक के कार्यवृत्त तथा हिन्दी कार्यशाला की रिपोर्ट इस कार्यालय में नहीं भिजवायी गई हों तो उन्हें कृपया तत्काल प्राथमिकता के आधार पर **06 जून, 2014 तक अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू कार्यालय को अवश्य भिजवा** दें, ताकि समय रहते उनकी समीक्षा की जा सके। बाद में प्राप्त होने वाली रिपोर्टों पर विचार नहीं किया जाएगा। कृपया कार्यालय अध्यक्ष आपनी ई-मेल आई.डी. इस ई-मेल पर amarsingh@iiim.ac.in तत्काल भिजवाएं ताकि आपके कार्यालय को बैठक संबंधी एवं राजभाषा कार्यान्वयन के बारे में यथाशीघ्र सूचित किया जा सके।

जैसाकि आपको विदित ही है कि पूर्व में **संसदीय राजभाषा समिति द्वारा राजभाषा निरीक्षण के दौरान बैठक में आपकी उपस्थिति की समीक्षा की गयी और समिति के उपाध्यक्ष महोदय ने आदेश दिए थे कि कार्यालय अध्यक्ष स्वयं इन बैठकों में उपस्थित रहें। जिससे राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएं और राष्ट्रीय दायित्वों का निर्वाह्न हो सके।** बैठक की कार्यसूची संलग्न है, कृपया भरकर साथ लाएं जिसके अनुसार कार्यालय के हिन्दी कार्यान्वयन संबंधी गतिविधियों की पुष्टि हो सकें। **यदि आप बैठक में उपस्थित होने की समय रहते यदि पुष्टि कर दें तो हम आपके अत्यधिक आभारी रहेंगे।**

सादर,

आपका,

राम विश्वकर्मा

(राम विश्वकर्मा)

सचिव: (मो.) 9858629580
ई-मेल amarsingh@iiim.ac.in

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू
## भारतीय समवेत औषध संस्थान, जम्मू

दिनांक: **11 जून, 2014 को सायं 3.00 बजे छमाही बैठक की कार्यसूची**

**बैठक में हिन्दी कार्यान्वयन संबंधी चर्चा को सार्थक बनाने के लिए निम्नलिखित मदों पर विचार-विमर्श किया जायेगा:-**

1. गत बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि :
2. गत बैठक में लिए गये निर्णयों पर की गई कार्रवाई :
3. विभिन्न कार्यालयों द्वारा भेजे गये आंकड़ों की समीक्षा निर्धारित लक्ष्यों को दृष्टिगत रखते हुए निम्नानुसार:-

(क) कुल अधिकारियों/कर्मचारियों की संख्या ग्रुप 'घ' को छोड़कर : **अधिकारी** **कर्मचारी**

(ख) कर्मचारियों का हिन्दी ज्ञान एवं प्रशिक्षण के लिए शेष कर्मचारियों की संख्या:

(ग) हिन्दी टाइप/हिन्दीआशुलिपि के प्रशिक्षण की स्थिति :

(घ) हिन्दी टाइपराइटरों एवं हिन्दी कम्प्यूटरों की स्थिति :

(ड़) धारा 3(3)के अन्तर्गत जारी किए गये कागजात की स्थिति :

(च) राजभाषा निरीक्षण :

(छ) हिन्दी में प्राप्त पत्रों की स्थिति :

(ज) पत्राचार की स्थिति :

(झ) हिन्दी कार्यशालाओं की स्थिति (प्रत्येक तिमाही के दौरान) :

(ञ) हिन्दी पदों की स्थिति :

(ट) कार्यालय के प्रयोग में आने वाली सामग्री द्विभाषी फार्म, मोहरों, नामपट्टों आदि की स्थिति :

4. इस दौरान आपके कार्यालयों में हिन्दी सप्ताह/पखवाड़ा/मास आदि का आयोजन किया गया है, तो कृपया विवरण दें :
5. वार्षिक कार्यक्रम के अनुपालन की स्थिति की समीक्षा :
6. आपके कार्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन समिति का गठन किया गया : है यदि किया गया है तो बैठकें प्रत्येक तिमाही के दौरान निश्चित् रूप से की जाती है। कृपया दोनों तिमाही की स्थिति का उल्लेख करें
7. इस दौरान आपके कार्यालय से कोई हिन्दी पत्रिका/पुस्तक प्रकाशित : हुई हैं, कृपया उल्लेख करें।
8. अन्य कोई मद - अध्यक्ष महोदय के अनुमति से

**कार्यालय अध्यक्ष का नाम:**________________
**पदनाम :**________________
**दूरभाष/फैक्स संख्या :**________________
**हिन्दी अधिकारी का नाम :**________________
**दूरभाष/फैक्स संख्या :** ________________
**ई-मेल :** ________________________

---

नोट:- इस दौरान आपका कार्यालय स्थानान्तरण हुआ है तो कृपया अपना पता सही एवं स्पष्ट शब्दों में भरें।